an>

Title: Need to set up AIIMS like medical hospital in Sidhi Parliamentary Constituency.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : सभापति जी, मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी जो विन्ध्या में आता है, उसके अंतर्गत सिंगरौली औद्योगिक जगत भी है, जिसे मिनी कोल केपिटल कहते हैं। औद्योगिक नगरी होने के नाते यहां देश के कई राज्यों से लोग रोजगार के लिए आते हैं और आसपास के जिलों में भी कल कारखाने बड़े पैमाने पर हैं। वहां की आबादी भी पर्याप्त है। जनसंख्या के हिसाब से इस क्षेत्र के स्थाई और अस्थाई लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हैं, इनका अभाव है। यहां पर आसपास कोई अच्छा अस्पताल नहीं होने के कारण जरूरतमंदों को 300 किलोमीटर दूर मामूली और गम्भीर इलाज के लिए जाना पड़ता है। इन सभी जगहों के केन्द्रीय बिंदु में सीधी लोक सभा क्षेत्र आता है। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि यहां कम से कम 1,000 बैड का आधुनिक अस्पताल एम्स की तर्ज पर निर्माण कराने का जनहित में शीघ्र निर्णय लें।